# खेल एक नज़र में



## एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप: बजरंग पुनिया ने जीता गोल्ड, दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी मात

एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप के फाइनल में बजरंग पुनिया ने भारत के लिए गोल्ड जीता। उन्होंने साउथ कोरिया के ली सैंगचुल को हराया। उन्होंने यह मेडल पुरुषों के 65 किलो के मुकाबले में जीता।

## WWE में जिंदर महल हैं भारतीयों की शान



द ग्रेट खली को तो हम सभी जानते हैं मगर क्या आप हाल ही WWE स्मैकडाउन का फाइनल खेलने वाले जिंदर महल को जानते हैं? जिंदर ने 2003 में मार्शल आर्ट्स फिटनेस सेंटर से रेसलिंग करियर शुरू की थी। सबसे पहले उन्होंने कनाडा में इंटरनेशनल टैग टीम रेसलिंग चैंपियनशिप का खिताब जीता। बीते दिनों जिंदर महल ने स्मैकडाउन चैंपियनशिप में पांच सुपरस्टार्स को मात देकर नंबर वन कंटेंडर का खिताब जीता था। इसके बाद उनके पास पहली बार चैंपियन बनने का सुनहरा मौका था। हालांकि वो इसे भुना नहीं सके। बता दें कि जिंदर की यह 9 अक्टूबर 2012 के बाद पहली जीत थी। उस वक्त महल ने हीथ स्टेलर के साथ टीम बनाकर जीत दर्ज की थी। वहीं जिंदर महल ने स्मैकडाउन में अपना आखिरी मैच एल टोरिटो के खिलाफ 27 मई 2014 को खेला था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, वह धाकड़ रेसलर रैंडी ऑर्टन से पार नहीं पा सके। चैंपियनशिप मैच में रैंडी ऑर्टन ने जिंदर महल और एजे स्टाइल्स को हराकर अपनी बादशाहत को कायम रखी है। स्मैकडाउन लाइव का आयोजन इस बार इंग्लैंड के न्यूकैसल में हो रहा था। जिंदर महल भले ही फाइनल हार गए हों, लेकिन उन्होंने तमाम भारतीयों का दिल जीत लिया। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि वह WWE के एक जाने पहचाने रेसलर बन चुके हैं। बता दें कि जिंदर भारतीय मूल के कनाडाई रेसलर हैं। इनका असली नाम युवराज सिंह है। इसके अलावा इनको राज सिंह, देसी राज और टाइगर राज सिंह के नाम से भी जाना जाता है। इनकी लंबाई काफी अच्छी खासी 6.5 इंच है।

## ब्रामविक हारा चेल्सी ने 5 वीं बार जीता इंग्लिश प्रीमियर लीग

चेल्सी ने खेले गए लीग मुकाबले में वेस्ट ब्रामविक को हराते हुए इस साल का इंग्लिश प्रीमियर लीग ईपीएल खिताब जीत लिया है। चेल्सी ने ईपीएल तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज टॉटेनहम हाट्सपर पर 10 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। यह बीते तीन सीजन में चेल्सी का दूसरा ईपीएल खिताब है। चेल्सी ने शुक्रवार को 35 मैचों से 84 अंकों के साथ खेलना शुरू किया था और उसे ईपीएल खिताब अपने नाम करने के लिए अंतिम तीन में से एक मैच जीतने की जरूरत थी। इस क्रम में चेल्सी ने ब्रामविक को 1.0 से हराते हुए पांचवां लीग खिताब हासिल किया। चेल्सी के लिए मैच का एकमात्र गोल स्थानापन्न खिलाड़ी मिकी बेट्सहुआई ने 82वें मिनट में किया। बीते साल टाटेनहम ने यह खिताब जीतते हुए सबको चौंका दिया था लेकिन इस साल वह खिताब से दूर रह गया। 2015.16 सीजन में चेल्सी ने 10वां स्थान हासिल किया था और उससे पहले 2014-15 सीजन में उसने खिताब जीता था। जीत पर टीम मैनेजर कोंटे ने कहा, मैं टीम के फैंस को शुक्रिया कहना चाहूंगा। उन्होंने हर मैच में हमारा हौसला बढ़ाया, चाहे वो घरेलू मुकाबला रहा हो या बाहर का। मैच के बाद खिलाड़ियों ने जश्न मनाया।

## चैपियंस ट्रॉफी-भारत और आस्ट्रेलिया होंगे फायनल में-क्लार्क

**कोलकाता:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने शनिवार को भविष्यवाणी की कि अगले महीने इंग्लैंड में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। विश्व कप विजेता कप्तान को लगता है कि इंग्लैंड की परिस्थितियों से टीमों के प्रदर्शन पर काफी प्रभाव पड़ेगा। क्लार्क ने एक कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा मुझे लगता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। ब्रिटेन में हालात अहम भूमिका निभाएंगे। उदाहरण के तौर पर अगर गेंदबाजों को स्विंग और सीम मिली, तो ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों का सामना करना मुश्किल होगा। इससे हम अच्छी स्थिति में होंगे। मिशेल स्टार्क,जेम्स पैटिनसन, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस का सामना करना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर वहां गर्मी होती है और कुछ टर्न मिलता है, तो भारत के दोनों स्पिनरों रविंद्र जाडेजा और रविचंद्रन अश्विन का सामना करना कठिन होगा। क्लार्क ने कहा अगर वहां गर्मी होती है और विकेट स्पिन करता है तो ऐसी पिचों पर अश्विन और जाडेजा से बेहतर कोई नहीं होगा।


## युवराज ने भावुक होकर मिस्बाह और यूनिस खान को दिया विदाई संदेश



**नई दिल्ली:** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सबसे उम्रदराज दो खिलाड़ी मिस्बाह उल हक और यूनिस खान ने रविवार को क्रिकेट को अलविदा कह दिया। टीम ने वेस्टइंडीज को 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से हराकर इन दोनों खिलाड़ियों को यादगार विदाई दी। भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों में तनातनी है, लेकिन यहां के खिलाड़ी एक-दूसरे की सराहना से पीछे नहीं हटते। युवराज ने भावुक होकर दोनों के लिए खास ट्वीट करते हुए विदाई संदेश दिया। युवराज ने ट्वीट करते हुए लिखा पाकिस्तान क्रिकेट के दो महान खिलाड़ियों को गुडबाय, कप्तान मिस्बाह उल हक और यूनिस खानए क्रिकेट में आपका योगदान हम सबके लिए प्रेरणा है। उनके इस ट्वीट से साफ जाहिर होता है कि युवी मिस्बाह और यूनिस को अपना आदर्श मानते हैं। दोनों खिलाड़ियों को दुनियाभर से शुभकामना संदेश मिल रहे हैं और अब इनमें से एक संदेश युवराज सिंह का भी शामिल हो गया, जो इनकी महानता दिखाता है।

## अफ्रीकी क्रिकेट में मचा तहलका

### दो-दिग्गज एक-साथ क्रिकेट को कहेंगे अलविदा






**नई दिल्ली:** साउथ अफ्रीकी क्रिकेट में उस समय तहलका मच गया जब दुनिया के दो महान बल्लेबाजों के संन्यास लेने की खबर सामने आई। हाल ही में अफ्रीकी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने मैगजीन को साक्षात्कार देते हुए कहा है कि साल वह साल 2019 तक टीम के लिए तीनों फॉर्मेट में क्रिकेट खेलते रहेंगे और इसके बाद संन्यास लेने की सोचेंगे।

गौरतलब हो कि एबी डिविलियर्स ने भी इशारा किया है कि वर्ल्ड कप 2019 उनका अखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है। पिछले साल चोट से परेशान होने के बाद डिविलियर्स ने कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद फाफ डुप्लेसिस को साउथ अफ्रीकी टीम का नया कप्तान घोषित किया गया।

डुप्लेसिस ने एबी डिविलियर्स के बारे में बयान देते हुए कहा है कि मैं जानता हूं कि एक क्रिकेटर को हमेशा फिट रहने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन मैं चाहूंगा कि एबी काफी समय तक साउथ अफ्रीका के लिए क्रिकेट खेलते रहें।

इसके अलावा फाफ डुप्लेसिस ने एबी डिविलियर्स को टेस्ट क्रिकेट खेलने की सलाह भी दी है।


## पठान बंधुओं ने अपनी चौथी क्रिकेट अकादमी शुरु की






**लुनावाडा:** पठान बंधुओं इरफान और युसुफ पठान ने अपनी चौथी क्रिकेट अकादमी आफ पठान सीएपी शुरू की है, जो उदीयमान प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का काम करेगी। पठान बंधुओं की योजना देश में पांच और अकादमी शुरू करने की है, जिससे इस साल के अंत तक देश में उनकी 20 अकादमियां हो जाएंगी। इस अकादमी के कोर्स में दो माड्यूल है जिसमें कोचों को प्रशिक्षण और बच्चों को प्रशिक्षण शामिल है। इरफान ने इस मौके पर कहा, भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें बस प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने की जरूरत है। हम उसी की कोशिश कर रहे हैं ।

## चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत का पलड़ा भारी: क्रिस गेल



**नई दिल्ली:** टी 20 लीग के बाद सभी क्रिकेट फैंस, चैंपियंस ट्रॉफी के टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट की शुरुआत में ही इंडिया और पाकिस्तान का मैच है। इस दौरान वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले मैच को लेकर भविष्यवाणी की है। क्रिस गेल ने सोमवार को एक इंटरव्यू में कहा कि अगले महीने शुरू होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। यह टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच होगा और सच कहूं तो यह दोनों टीमें मेरी पसंदीदा टीमें हैं। यह अच्छा मैच होगा, हां, जब आईसीसी टूर्नामेंट की बात आती है तो भारत का पलड़ा हमेशा पाकिस्तान पर भारी होता है। भारत और पाकिस्तान एक जून से 18 जून के बीच इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले इस टूर्नामेंट में ग्रुप बी में रखे गए हैं। उनके साथ इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका भी हैं। भारत ने पिछले 8-9 महीने से उपमहाद्वीप के बाहर कदम नहीं रखा है, ऐसे में इंग्लैंड की परिस्थितियां भारत को मुश्किल में डाल सकती हैं। इस पर गेल का कहना है कि भारतीय बल्लेबाजों को इंग्लैंड में परेशानी नहीं आएगी, उन्होंने कहा, भारतीय बल्लेबाजी शानदार है। उसके पास अनुभव भी है। अच्छी बात यह है कि हर कोई इंग्लैंड में खेला है।

**ICC Champions Trophy 2017 Schedule & Time Table**

| Date/Day | Match | Venue | Time (GMT/Local) |
|---|---|---|---|
| Jun 01, Thu | England vs Bangladesh | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 02, Fri | Australia vs New Zealand | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 03, Sat | Sri Lanka vs South Africa | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 04, Sun | India vs Pakistan | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 05, Mon | Australia vs Bangladesh | London | 12:30 PM/01:30 PM |
| Jun 06, Tue | England vs New Zealand | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 07, Wed | Pakistan vs South Africa | Birmingham | 12:30 PM/01:30 PM |
| Jun 08, Thu | India vs Sri Lanka | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 09, Fri | New Zealand vs Bangladesh | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 10, Sat | England vs Australia | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 11, Sun | India vs South Africa | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 12, Mon | Sri Lanka vs Pakistan | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 14, Wed | 1ST SEMI-FINAL | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 15, Thu | 2ND SEMI-FINAL | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 18, Sun | FINAL | London | 09:30 AM/10:30 AM |

## तो ये हैं... जर्सी नंबर के राज

**नई दिल्ली:** अक्सर हो आपने टीम इंडिया के खिलाड़ियों की जर्सी के पीछे उनके नाम के साथ नंबर लिखा हुआ देखा होगा, जो कि उनकी पहचान के बारे में बताते हैं, इस जर्सी नम्बर के पीछे क्या राज है? क्या आप इस बात को जानते हैं? आइए हम आपको बताते हैं टीम इंडिया के खिलाड़ियों की जर्सी के पीछे लिखे नम्बर का राज - **महेंद्र सिंह धोनी:** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान धोनी की जर्सी नंबर 7 हैं। इसके पीछे का राज उनका जन्मदिन हैं। दरअसल, धोनी का जन्मदिन 7 जुलाई को होता है और वैसे भी यह नंबर धोनी का फेवरेट नंबर माना जाता है। इसके साथ धोनी के फेवरेट खिलाड़ियों जॉर्ज बेस्ट, डेविड बेकम और क्रिस्टिआनो रोनाल्डो का जर्सी नंबर 7 है। इसलिए इस नंबर को लकी मानते हुए कप्तान धोनी ने इसे अपना जर्सी नंबर बना लिया। **विराट कोहली :** भारत के शीर्षक्रम बल्लेबाज कोहली 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। दरअसल, इस जर्सी नंबर के साथ विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने अंडर 19 विश्वकप जीता था। इसलिए कोहली ने इस नंबर को हमेशा के लिए अपना लिया। **युवराज सिंह :** इनका जन्म 12 दिसंबर को 12 बजे हुआ था। दिलचस्प है कि युवराज सिंह चंडीगढ़ के सेक्टर 12 में पैदा हुए थे, इसलिए इनका जर्सी नंबर भी 12 है। **रोहित शर्मा :** अंडर 19 खेलने के दौरान रोहित की मां ने यह नंबर चुना था। रोहित की मां का मानना था कि यह नंबर रोहित के लिए अच्छे दिन लाएगा। **रविचंद्रन अश्विन:** 9 अश्विन का फेवरेट नंबर है और इतना ही नहीं अश्विन का स्कूल में रोल नंबर भी 9 था, लेकिन टीम इंडिया के विकेट कीपर रह चुके पार्थिव पटेल ने पहले ही 9 नंबर ले लिया। इसलिए अश्विन को 99 से संतोष करना पड़ा।

# Business News / बिजनेस न्यूज़

## शेयर बाजारों में तेजी का रूख

**मुंबई:** विदेशी कोष के सतत प्रवाह के बीच शेयर बाजारों में आज कारोबार में तेजी का रूख देखा गया और सेंसेक्स करीब 49 अंक एवं निफ्टी 15 अंक चढ़ गया, ब्रोकरों के अनुसार वृहद आर्थिक आंकड़ों के जारी होने से पहले निवेशकों की सकारात्मक खरीदारी की वजह से बाजार में लिवाली का रुख देखा गया, आज दिन में मार्च के लिए औद्योगिक उत्पादन आंकड़े और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित अप्रैल की महंगाई आंकड़े जारी किए जा सकते है। तीस कंपनियों के शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 48.76 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 30,299.74 अंक पर खुला है, पिछले चार दिनों में इसमें 392.18 अंक की बढ़त देखी गई है और कल दिन में कारोबार के समय यह 30,366.43 अंक के अब तक के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया था। इसी प्रकार 50 कंपनियों के शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 15.35 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 9,437.75 अंक पर पहुंच गया, कल दिन के समय वह 9,450.65 अंक के अब तक के उच्चतर स्तर पर पहुंच गया था, शेयर बाजारों में तेजी इंफोसिस, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एसबीआई, हीरो मोटोकॉर्प, विप्रो, कोल इंडिया, ओएनजीसी, टीसीएस और एलएंडटी कंपनियों के अच्छा प्रदर्शन करने के चलते देखी गई है।

## कार्यकाल खत्म होने के बाद कर रिटर्न जारी करेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना कि कार्यकाल खत्म होने के बाद वह अपने कर रिटर्न का ब्यौरा जारी कर सकते हैं। इकनॉमिस्ट को दिए साक्षात्कार में ट्रंप ने यह कहा, जब उनसे पूछा गया था कि कर सुधारों पर डेमोक्रेटिक सदस्यों के समर्थन के बदले क्या वह अपने कर रिटर्न का ब्यौरा दाखिल करेंगे। उनसे पूछा गया राष्ट्रपति महोदय, क्या मैं आपसे सौदेबाजी से संबंधित एक सवाल पूछ सकता हूं , यदि आपकी कर योजना, आपकी आदर्श कर योजना के लिए डेमोक्रेटिक सदस्यों के समर्थन की जरूरत हुई और इसके बदले में उन्होंने आपसे आपके कर रिटर्न जारी करने को कहा, तो क्या आप यह करेंगे। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा मैं नहीं जानता, यह एक दिलचस्प सवाल है, लेकिन मुझे संदेह है, मुझे इस पर संदेह है, क्योंकि वे ऐसा नहीं करने जा रहे हैं, सिवाय पत्रकारों के किसी को मेरे कर रिटर्न की चिंता नहीं है, किसी एक बिंदु पर पहुंचकर मैं उन्हें जारी कर सकता हूं , मैं शायद अपना काम खत्म, कार्यकाल खत्म, होने के बाद यह कर सकता हूं क्योंकि मुझे उन पर कर रिटर्न बहुत गर्व है, मैंने अच्छा काम किया।

## अरविंद सुब्रमणियन ने वैश्विक रेटिंग एजेंसियों की आलोचना

**नई दिल्ली:** मुख्य आर्थिक सलाहकार सीईए अरविंद सुब्रमणियन ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारकों में स्पष्ट सुधार के बावजूद भारत की रेटिंग का उन्नयन न किए जाने को लेकर वैश्विक रेटिंग एजेंसियों की आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि रेटिंग एजेंसियां भारत और चीन के मामले में अलग मानदंड अपना रही हैं, वैश्विक एजेंसियों ने भारत को सबसे निचले निवेश ग्रेड में रखा है, जिससे वैश्विक बाजारों में ऋण की लागत ऊंची पड़ती है, क्योंकि इससे निवेशकों की अवधारणा जुड़ी होती है, उन्होंने कहा दूसरे शब्दों में कहा जाए, तो रेटिंग एजेंसियों का चीन और भारत को लेकर नजरिया उचित नहीं है और यह असंगत है, एजेंसियों के इस रिकॉर्ड को देखते हुए जिसे हमें खराब मानक कहते हैं, मेरा सवाल यह है कि एन इन रेटिंग एजेंसियों के विश्लेषण को गंभीरता से क्यों लेते हैं।

सबप्राइम संकट का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मॉर्गेज समर्थन वाली प्रतिभूतियों को रेटिंग का प्रमाणपत्र देने को लेकर भी उनकी भूमिका पर सवाल उठे थे। अमेरिका के 2008 के वित्तीय संकट में ऐसी दूषित संपत्तियां भी शामिल थीं,





उन्होंने कहा कि इसके अलावा वित्तीय संकट को लेकर पहले से चेतावनी नहीं देने की विफलता को लेकर भी उनपर सवाल उठे थे।

सुब्रमणियन ने वीकेआरवी स्मृति व्याख्यान में कहा कि घरेलू मोर्चे पर देखा जाए, तो विशेषज्ञों के विश्लेषण और आधिकारिक फैसलों में स्पष्ट संबंध है, मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमणियन ने कहा कि नीतिगत फैसलों से पहले विशेषज्ञों के आकलन महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन एक बार निर्णय होने के बाद यह देखने वाली बात होती है कि किस तरह विश्लेषण को लेकर बोली बदलती है, विश्लेषक आधिकारिक फैसले को तर्कसंगत ठहराने के लिये पीछे हटने लगते हैं।

आर्थिक मामलों के सचिव शक्तिकान्त दास ने भी पिछले सप्ताह वैश्विक रेटिंग एजेंसियों के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था कि उनकी रेटिंग जमीनी सच्चाई से कोसों दूर है, उन्होंने रेटिंग एजेंसियों को आत्म निरीक्षण करने की हिदायत दे डाली।

उन्होंने कहा कि जो सुधार शुरू किये गये हैं उन्हें देखते हुये निश्चित ही रेटिंग में सुधार का मामला बनता है, भारत पहले भी रेटिंग एजेंसियों के तौर तरीकों पर सवाल उठाता रहा है, भारत का कहना है कि भुगतान जोखिम मानदंडों के मामले में दूसरे उभरते देशों के मुकाबले भारत की स्थिति अधिक अनुकूल है।

विशेषरूप से एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स पर सवाल उठे हैं, जिसने बढ़ते कर्ज और घटती वृद्धि दर के बावजूद चीन की रेटिंग को रखा है, वहीं भारत की रेटिंग को कबाड़ या जंक से सिर्फ एक पायदान ऊपर रखा गया है।

मूडीज और फिच ने भी इसी तरह की रेटिंग दी है, इसके लिए इन एजेंसियों ने एशिया में सबसे अधिक राजकोषीय घाटे का उल्लेख किया है जिससे भारत की सॉवरेन रेटिंग प्रभावित हुई है।

## आधार नंबर का उल्लेख अनिवार्य,कुछ को छूट भी




**नई दिल्ली:** सरकार की ओर से प्रस्तावित नए नियमों के मुताबिक अब चाहे आईटीआर फाइलिंग की बात हो या फिर पैन कार्ड का आवेदन इन दोनों ही कामों के लिए आधार नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि शुक्रवार को सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स सीबीडीटी, की ओर से इस मद में कुछ लोगों को छूट प्रदान की गई है। इसके लिए सरकार की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। किन लोगों के लिए जरूरी नहीं होगा आधार नंबर का उल्लेख यह राहत उन गैर निवासियों के लिए उपलब्ध है, जो भारत के नागरिक नहीं हैं। यह उन लोगों के लिए है जिनकी उम्र 80 वर्ष या इससे ऊपर हो गई है। राजस्व विभाग ने असम जम्मू एवं कश्मीर और मेघालय के नागरिकों को भी छूट प्रदान की है। आधार एक 12 अंकों वाला नंबर होता है जिसे यूनीक आईडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफइंडिया यूआईडीएआई की ओर से जारी किया जाता है, जबकि पैन एक 10 अंकों वाला अल्फान्यूमेरिक नंबर होता है जो आयकर विभाग की ओर से जारी किया जाता है। फाइनेंस एक्ट 2017 के मुताबिक आधार कार्ड का उल्लेख इनकम टैक्स रिटर्न की फाइलिंग और पैन कार्ड के आवेदन के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। यह प्रावधान यह भी कहता है कि सरकार इस आवश्यकता से व्यक्तियों के कुछ वर्गों को छूट भी दे सकती है। इस संदर्भ में एक नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया।

## छंटनी नहीं-नेसकॉम

**नई दिल्ली :** उद्योग संगठन नैसकॉम ने भारतीय आईटी सेक्टर में बड़े पैमाने पर छंटनी की आशंका को खारिज कर दिया और दावा किया कि इंडस्ट्री अभी भी शुद्ध रूप से अच्छी खासी संख्या में लोगों को रोजगार दे रही है। सूचना प्रौद्योगिकी आईटी सेक्टर की कंपनियों के इस संगठन के अनुसार उद्योग शुद्ध रूप से हर साल 1.5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। बड़े पैमाने पर छंटनी की रिपोर्ट को खारिज करते हुए नैसकॉम ने कहा कि उद्योग में प्रदर्शन मूल्यांकन एक नियमित प्रक्रिया है और वर्कफोर्स का पुनर्गठन उसी का हिस्सा है। गौरतलब है कि पिछले कुछ सप्ताह से क्षेत्र में छंटनी की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। विप्रो, इन्फोसिस, कॉग्निजेंट और टेक महिंद्रा जैसी बड़ी आईटी कंपनियों ने सालाना प्रदर्शन समीक्षा शुरू की है। इस प्रक्रिया का मकसद खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को हटाना है। उद्योग संगठन कहा कौशल और कार्यबल प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए जरूरी है।

## फिर से मौका - जीएसटीन का पंजीयन 1 जून से दुबारा शुरु होगा

**नई दिल्ली:** राजस्व विभाग ने गुरुवार को कहा कि 60.5 लाख निकायों ने जीएसटीएन प्रणाली में अपना पंजीकरण कराया है और बाकी करदाताओं के लिए एक जून से यह फिर 15 दिनों के लिए खुलेगा। वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क जीएसटीन में करदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया 30 अप्रैल को निलंबित कर दी गयी थी, सरकार की मंशा एक जुलाई से वस्तु एवं सेवाकर लागू करने की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, 30 अप्रैल 2017 तक, जब पंजीकरण का पहला चरण समाप्त हुआ, 84 लाख में से 60.5 लाख ने पंजीकरण करवाया था। करदाताओं को पंजीकरण का एक और मौका देने के लिए एक जून 2017 से खिड़की फिर खुलेगी।